**निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, की अध्यक्षता में दिनांक–24.02.2025 को एन0एच0डी0पी0 योजनान्तर्गत VC के माध्यम से राज्य स्तरीय परियोजना समिति (SLPC) आहूत बैठक की कार्यवाही–**

उपस्थिति– पंजी के अनुसार।

सी0डी0पी0 फतुहा (पटना), सिगोड़ी (पटना), रहिका (मधुबनी) एवं शेखपुरा (भागलपुर) का कर्मशाला निर्माण के लिए भुमि का जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया गया।

बी0एल0सी0 पालीगंज (पटना), सिलाव (नालन्दा) का कर्मशाला निर्माण के लिए भूमि का जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

कुटुम्बा (औरंगाबाद)–02 कर्मशाला, डुमरामा (बांका)–02 कर्मशाला, डेसरा (बांका)–01 कर्मशाला, जमालहाता–II (सिवान)–02 कर्मशाला एवं मानपुर (गया)–05 के लाभुक बुनकरों के मृत्य/अन्य कारण से कर्मशाला निर्माण के लिए लाभुको का चयन स्थानीय समिति से अनुमोदन प्राप्त कर कर्मशाला हेतु लाभुको की सूची उपलब्ध कराने हेतु उप निदेशक, बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर, प्रबंधक एन0एच0डी0सी0 एवं संबंधित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया गया।

प्रोडक्ट डेभलपमेंट, एक्सपोजर विजिट, एक्जीवीशन/पब्लिकेशन/बी0एस0एम0, डोकोमेन्टेशन के उपयोगिता प्रमाण–पत्र/प्रमाणक यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु संबंधित महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया गया।

स्पेशल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भागलपुर में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भागलपुर को 45000 से 60000 वर्ग फीट का नक्शा एवं शेष भूमि 2.14 एकड़ का एल0पी0सी0 उपलब्ध कराने हेतु सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), भागलपुर को निदेश दिया गया।

सिगोड़ी सी0डी0पी0 में प्रथम चरण में बुनकरों के आवेदन और अनुरोध के आलोक में पीट लूम 56 ईंच के जगह पर फ्रेम लूम 60 ईंच दिया गया था। द्वितीय चरण में भी नामित बुनकरों द्वारा अनुरोध किया गया है कि प्रथम चरण की भाँति द्वितीय चरण में भी फ्रेम लूम 60 ईंच दिया जाए। ज्ञातव्य है कि पीट लूम 56 ईंच का NHDP Sanctioned rate Rs. 30,000/- है जबकि टेंडर में फ्रेम लूम 60 ईंच का मूल्य 27,300/– रुपये है। अतएव NHDP के Sanctioned rate के अन्तर्गत होने के कारण सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिगोडी सी0डी0पी0 में पीट लूम 56 ईंच के स्थान पर फ्रेम लूम 60 ईंच लाभुक बुनकरों को उपलब्ध कराया जाए।

चार बी0एल0सी0 यथा पालीगंज (पटना), सिलाव (नालन्दा), सबौर (भागलपुर) एवं नवादा न्यू की द्वितीय किस्त की राशि अभी तक अप्राप्त रहने के कारण संबंधित कर्मी को राशि उपलब्ध कराने हेतु एवं चारो बी0एल0सी0 का अवधि विस्तार हेतु वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र देने हेतु निदेश दिया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

ह0/–
निदेशक,
हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– ह0क0सह0–(यो0/एन0एच0डी0पी0)–35/2021/ 436 पटना, दिनांक– 17/03/2025

प्रतिलिपि–विकास आयुक्त (हथकरघा), हथकरघा विकास आयुक्त का कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग भवन, नई दिल्ली–110011/जोनल डायरेक्टर, बुनकर सेवा केन्द्र, गुवाहाटी/उप निदेशक बुनकर सेवा केन्द्र, भागलपुर/प्रबंधक एन0एच0डी0सी0, पटना/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भागलपुर/बांका/गया/पटना/सिवान/मधुबनी/नवादा/नालन्दा/औरगाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

2. बैठक मे उपस्थित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक,
हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना।